# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकःशिविरा/माध्य/लेखा/डी–2/28011/20–21/ दिनांक : 16.07.2021

## बैठक कार्यवाही विवरण

शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर के आदेश क्रमांक प.1(7) शिक्षा–1/2009/पार्ट–VII दिनांक 14.07.2020 एवं पत्र दिनांक 16.03.2021 के द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में शैक्षणिक सत्र 2020–21 एवं 2021–22 हेतु राजकीय विद्यालयों की कक्षा–09 में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को निःशुल्क वितरण हेतु साईकिल क्रय हेतु जारी ई–निविदा दिनांक 16.04.2021 जारी की गई थी, जिसकी वित्तीय बिड दिनांक 21.05.2021 को खोली गई। शासन के पत्र दिनांक 13.07.2021 के अनुसार साईकिल क्रय के क्रम में विचार विमर्श कर आगामी कार्यवाही बाबत राज्य स्तरीय क्रय समिति की बैठक आज दिनांक 16.07.2021 को अपरान्ह 3:00 बजे माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, बीकानेर में आयोजित की गई। जिसमें निम्न राज्य स्तरीय क्रय समिति के सदस्य उपस्थित रहे :–

| क्र. सं | नाम एवं पद नाम | राज्य स्तरीय क्रय समिति में पदनाम | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|
| 1. | सौरभ स्वामी<br>निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर | अध्यक्ष | 8792768494<br>Virtual Meeting Through webex App |
| 2. | बनवारी लाल सर्वा, वित्तीय सलाहकार, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर | सदस्य | 9414045722 |
| 3. | अरविन्द कुमार व्यास, उपनिदेशक योजना, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर | सदस्य सचिव | 9414092528 |
| 4. | मधु सूदन गौड वरिष्ठ प्रवक्ता यांत्रिकी, राजकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय बीकानेर, (प्रतिनिधि निदेशक तकनीकी शिक्षा राजस्थान जोधपुर) | सदस्य | 9414603998 |
| 5. | प्रखर चतुर्वेदी, उपनिदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय तकनीकी शिक्षा बीकानेर (प्रतिनिधि निदेशक प्रशिक्षण तकनीकी शिक्षा राजस्थान जोधपुर) | सदस्य | 9414424791 |
| 6. | सांवरमल शर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बीकानेर (प्रतिनिधि निदेशक संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर) | सदस्य | 9784848382 |

साईकिल क्रय हेतु ई–निविदा दिनांक 16.04.2021 को जारी की गई थी, ई–प्रॉक के माध्यम से तकनीकी बिड प्रस्ताव दिनांक 11.05.2021 एवं वित्तीय बिड प्रस्ताव दिनांक 21.05.2021 को प्राप्त किये गये थे। राज्य स्तरीय क्रय समिति में फर्म से दरों पर Negotiation करने का निर्णय लिया गया था। विभाग के पत्र दिनांक 08.06.2021 द्वारा न्यूनतम दर दाता फर्म से Negotiation एवं Justification सहित व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दिनांक 11.06.2021 को प्रस्तुत करना प्रस्तावित था, परन्तु मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त शिकायत के आधार पर शासन के पत्र दिनांक 10.06.2021 द्वारा साईकिल क्रय की कार्यवाही स्थगित करते हुए साईकिल क्रय के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई थी। कार्यालय पत्र दिनांक 11.06.2021 द्वारा साईकिल क्रय के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट भिजवाई गई थी। शासन के पत्र दिनांक 17.06.2021 के निर्देश में साईकिल क्रय से संबंधित पत्रावली दिनांक 18.06.2021 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत की गई।

तत्पश्चात शासन के पत्र दिनांक 13.07.2021 प्राप्त हुआ जिसमें यह दोहरया गया कि साईकिल क्रय किये जाने हेतु माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर राज्य स्तरीय क्रय समिति के पदेन अध्यक्ष है। प्रकरण में आर.टी.पी.पी रूल्स एवं सी.वी.सी गाईडलाईन के अनुसार समिति सदस्यों के विचार विमर्श कर गुण– अवगुणों के आधार पर उपापन समिति द्वारा निर्णय लिया जाये। शासन स्तर से निविदा प्रलेख की शर्तो के संबंध में किसी प्रकार का परिवर्तन करने के संबंध में कोई निर्देश प्रदान नहीं किये गये है। शासन के पत्र दिनांक 13.07.2021 के अनुसार साईकिल क्रय के संबंध में प्राप्त शिकायत को अमान्य माना जाना एवं निविदा में आगे बढ़ने की स्वीकृति दिया जाना प्रकट होता है।

शासन स्तर पर दिनांक 10.06.2021 से 13.07.2021 (कुल 33 दिवस) तक साईकिल क्रय की प्रक्रिया लंबित रही। जिसकी वजह से राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 40 के अनुसार विभाग स्तर पर 40 दिवस के भीतर विनिश्चय नहीं किया जा सका।

शासन के पत्र दिनांक 13.07.2021 के क्रम में कार्यालय के पत्र दिनांक 15.07.2021 द्वारा राज्य स्तरीय क्रय समिति की बैठक दिनांक 16.07.2021 को अपरान्ह्न 3:00 बजे बैठक आयोजित की गई, जिसमें कमेटी के समक्ष दो विकल्प थे। 1. पुनः अल्प कालीन निविदा जारी की जाए। 2. राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 40 के बिन्दु संख्या 2 के अनुसार उपर्युक्तानुसार वर्णित विशेष परिस्थितियों को देखते हुए उक्त बिड पर ही आगामी निर्णय लिया जाए।

यदि विकल्प 1 के अनुसार साईकिल क्रय के संबंध में नई निविदा जारी की जाती है तो वर्तमान में थोक मूल्य सूचकांकों में वृद्धि होने के कारण साईकिल क्रय की दरें अधिक प्राप्त होने की संभावना है, साथ ही छात्राओं को साईकिल आपूर्ति में और अधिक विलम्ब होता है। शासन के द्वारा निविदा की शर्तों पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं की गई है, तो निविदा की शर्ते शासन स्तर से स्वीकार्य होना प्रकट होता है। अतः शर्तों के अनुरूप नये बिड जारी किया जाना सारहीन होता। अतः विकल्प 2 के अनुसार राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 40 के बिन्दु संख्या 2 के अनुसार उपर्युक्तानुसार वर्णित विशेष परिस्थितियों को देखते हुए उक्त बिड पर ही आगामी कार्यावाही किये जाने निर्णय लिया गया।

छात्राओं को गत वर्ष की साईकिल का वितरण नहीं होने एवं थोक मूल्यों में निरन्तर वृद्धि होने के कारण राज्य स्तरीय क्रय समिति द्वारा उक्त बिड में आगामी कार्यवाही करने को युक्तियुक्त माना है। राज्य स्तरीय क्रय समिति द्वारा उक्त बिड को जारी रखते हुए फर्म से दिनांक 19.07.2021 को संशोधित दर (Negotiation) Justification सहित व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (सांवरमल शर्मा)<br>प्रधानाचार्य,<br>राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बीकानेर<br>(प्रतिनिधि निदेशक संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर) | (प्रखर चतुर्वेदी)<br>सदस्य<br>उपनिदेशक क्षेत्रीय कार्यालय तकनीकी शिक्षा बीकानेर,<br>प्रतिनिधि निदेशक प्रशिक्षण तकनीकी शिक्षा राजस्थान जयपुर | (मधुसुदन गौड)<br>सदस्य<br>वरिष्ठ प्रवक्ता, यांत्रिकी<br>राजकीय पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय, बीकानेर<br>प्रतिनिधि, निदेशक, तकनीकी शिक्षा राजस्थान,जोधपुर | (अरविन्द कुमार व्यास)<br>सदस्य–सचिव<br>उपनिदेशक, योजना,<br>माध्यमिक कार्यालय हाजा | (बनवारी लाल सर्वा)<br>सदस्य<br>वित्तीय सलाहकार<br>कार्यालय हाजा | (सौरभ स्वामी)<br>अध्यक्ष<br>निदेशक,<br>माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर |

क्रमांकःशिविरा/माध्य/लेखा/डी–2/28011/20–21/ दिनांकः 16.07.2021

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा राजस्थान, जयपुर।
2. उप शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान, जयपुर (सदस्य राज्य स्तरीय क्रय समिति) को भेजकर लेख है कि साईकिल क्रय की उक्त निविदा के संबंध में यदि आपको आपत्ति है तो 2 दिवस में कार्यालय को अवगत करावें अन्यथा आपकी सहमति मानते हुए आगामी कार्यवाही कर ली जायेगी।
3. वित्तीय सलाहकार, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर
4. निदेशक, (प्रशिक्षण) तकनीकी शिक्षा, राजस्थान, जोधपुर
5. निदेशक, तकनीकी शिक्षा,राजस्थान–जोधपुर
6. निदेशक, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
7. श्री मधु सूदन गौड वरिष्ठ प्रवक्ता, यांत्रिकी, राजकीय पॉलोटेक्निक महाविद्यालय, बीकानेर (प्रतिनिधि, निदेशक, तकनीकी शिक्षा, राजस्थान–जोधपुर)
8. श्री प्रखर चतुर्वेदी, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय तकनीकी शिक्षा बीकानेर (प्रतिनिधि, निदेशक, (प्रशिक्षण) तकनीकी शिक्षा, राज0–जोधपुर)
9. श्री सांवरमल शर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बीकानेर (प्रतिनिधि– निदेशक संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर)
10. उप निदेशक, योजना, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर
11. अनुभाग अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा।

**निदेशक,**
**माध्यमिक शिक्षा राजस्थान**
**बीकानेर**